


सोनू सूद ने 4 साल से नहीं खाई रोटी

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 258 ■ सोमवार, 6 जनवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

# FSI के साथ TDR लेना अनिवार्य

- TDR को प्रोत्साहन देने के लिए अंबरनाथ नपा प्रशासन का निर्णय




**अंबरनाथ.** नई बिल्डिंगों को बनाने के लिए नपा से बिल्डिंग निर्माण की अनुमति लेते समय बेसिक फ्लोर एरिया इंडेक्स यानी एफएसआई, प्रीमियम एफएसआई और एंसिलरी फ्लोर एरिया इंडेक्स यानी एंसिलरी एफएसआई का उपयोग किया जाता है. ऐसे में ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स यानी टीडीआर की मांग नहीं की जा रही है. इसलिए अंबरनाथ नपा के संज्ञान में आया है कि शहर में टीडीआर के माध्यम से अर्जित भूमि के मामलों की संख्या काफी कम हो गई है और इसका असर नपा क्षेत्र की विविध विकास योजना के क्रियान्वयन पर पड़ रहा है. इसलिए टीडीआर की मांग कम हो गई है और इसके लिए अंबरनाथ नपा ने अब नए साल में बिल्डिंग परमीशन के दौरान बिल्डरों को एफएसआई के साथ उसे टीडीआर भी लेना होगा. इस संबंध में हाल ही में नपा प्रशासन द्वारा आदेश निकाला गया है. नए मूल चटाई क्षेत्र के अलावा अब बिल्डरों को एक जनवरी से प्रीमियम एफएसआई के साथ ही उतना की टीडीआर लेना अनिवार्य होगा.

एकीकृत विकास नियंत्रण और प्रोत्साहन नियमावली से भवन निर्माण क्षेत्र को काफी लाभ हुआ है. कई मुद्दों पर सहमति बनी. इस नियम के अनुसार आवासीय भवन अनुमति के मामले में अधिकतम भवन क्षमता के अधीन, उपयोग की जाने वाली बुनियादी एफएसआई, प्रीमियम एफएसआई और टीडीआर पर 60 फीसदी सहायक एफएसआई लेने का प्रावधान है. हालांकि अधिकांश निर्माण की अनुमति लेने के मामलों में मूल एफएसआई और प्रीमियम एफएसआई के साथ-साथ स्वीकार्य सहायक एफएसआई का उपयोग करके प्रस्तुत किए जाते है. ऐसे मामले में टीडीआर का उपयोग करके अतिरिक्त एफएसआई का दावा नहीं किया जाता है. इस कारण नपा क्षेत्र के भीतर टीडीआर का महत्व कम हो गया है और अंबरनाथ नगर पालिका द्वारा यह बताया गया है कि इस पद्धति के माध्यम से अधिग्रहित भूमि के मामलों में कमी आई है. इससे शहर की विकास योजना के क्रियान्वयन पर फर्क पडा है. विकास योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आरक्षण के तहत भूमि, विकास योजना के तहत सड़क का अधिग्रहण टीडीआर के माध्यम से किया जाना चाहिए. अंबरनाथ शहर में जो आरक्षण है. उनमें नाम मात्र आरक्षण ही नगर पालिका के नियंत्रण में है. विकास योजना सड़क के तहत भूमि के मालिकों के लिए यह आवश्यक है कि वे पहल करें और टीडीआर के बदले में इन जमीनों को नगर पालिका को सौंप दें. इसलिए अंबरनाथ नगर पालिका ने इस टीडीआर के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इसके उपयोग को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया है. इसलिए 1 जनवरी से प्रस्तुत सभी प्लान पास करते समय इस फैसले अर्थात ऐसे मामलों में एसएसआई और टीडीआर का समान रूप से उपयोग करना होगा. इस संबंध में हाल ही में अंबरनाथ नपा प्रशासन द्वारा आदेश की घोषणा की गई है. मूल चटाई क्षेत्र के अलावा अब बिल्डरों को प्रीमियम एफएसआई के साथ ही टीडीआर लेना अनिवार्य होगा.

### बिल्डरों की ओर से प्रतिक्रिया नहीं...

अंबरनाथ नपा ने एफएसआई और टीडीआर के समान उपयोग पर जोर दिया है . लेकिन बिल्डरों ने अभी तक अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है . इसलिए अब यह देखना अहम होगा कि अंबरनाथ नपा के इस फैसले को बिल्डर किस तरह लेते हैं . अंबरनाथ शहर में सूर्योदय गृहनिर्माण सोसायटी परिसर में बड़े पैमाने पर पुनर्विकास हो रहे है . शहर के अलग-अलग इलाकों में कई हाउसिंग प्रोजेक्ट चल रहे हैं . वहीं इस फैसले के चलते कई तरह की चर्चाएं भी शुरू हैं . नगर पालिका के टाउन प्लानर विवेक गौतम ने बताया कि हालांकि यह निर्णय एकीकृत विकास नियंत्रण और संवर्धन विनियमों के आधार पर लिया गया है और मुंबई महानगर क्षेत्र की कई मनपा तथा नगर पालिका ने एक साल पहले इस तरह के आदेश की घोषणा की है .

# पत्नी और 9 बच्चों को छोड़ पति फरार



- हिललाईन पुलिस में मामला दर्ज
- पति यूपी का रहने वाला
- परिवार को बेसब्री से इंतजार
- पिछले दो महीने से पति गायब

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक अजीब घटना सामने आई है जहां एक शख्स ने 9 बच्चों को जन्म देकर और पत्नी छोड़कर फरार हो गया है, अब हिललाइन पुलिस में पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई है।

पति का नाम है फ़िरोज़ गौरी है और वो मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। वो कई वर्षों से उल्हासनगर शहर में रह रहा है, उसने रजिया से शादी की है और उससे अब तक उनके 9 बच्चे हैं। लेकिन पिछले दो महीने से वह अपनी पत्नी रजिया और 9 छोटे बच्चों को छोड़कर लापता है, उसका कोई पता नहीं चल रहा है, अब उसकी पत्नी रजिया और बच्चे उसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उसकी पत्नी को नहीं पता कि वह ऐसा क्यों घर छोड़ चला गया है। हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# उल्हासनगर स्टेशन पर लोकल से गिरकर प्रवासी गंभीर घायल

- एंबुलेंस नहीं मिलने से लोग आक्रोशित
- प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर हुई घटना

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर एक यात्री लोकल ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल यात्री को उपचार हेतु ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिली पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण आधे घंटे से ज्यादा का समय लग गया, ऐसा आरोप मौजूदा अन्य यात्रियों ने लगाया। जिस कारण कुछ यात्रियों आक्रोशित हो गए और उसके बाद पुलिस प्रशासन ने एंबुलेंस बुलाकर यात्री को अस्पताल भेजा. घायल यात्री का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# कुख्यात गैंगस्टर पप्पू गिरफ्तार

- उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा
- पप्पू के पास से रिवॉल्वर बरामद
- बदलापुर का मशहूर गुंडा पुलिस की गिरफ्त में
- पप्पू पर कई गुनाह दर्ज





**बदलापुर.** बदलापुर के कुख्यात गैंगस्टर महेंद्र बागुल उर्फ पप्पू को उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है, उसके पास से एक रिवॉल्वर और 6 जिंदा कारतूस जब्त किए गए हैं,

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल पिंट्या थोरवे को सूचना मिली थी कि एक कुख्यात गैंगस्टर बदलापुर शनिनगर के आसपास घूम रहा है इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और पप्पू को हिरासत में ले लिया. जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कमर से एक रिवॉल्वर और छह जिंदा कारतूस मिले। वो किस वारदात को अंजाम देने जा रहा था पुलिस उसकी जांच कर रही है। पप्पू पर बदलापुर और अंबरनाथ पुलिस में कई अपराध दर्ज हैं और वो उन मामलों में फरार था।

महेंद्र बागुल उर्फ पप्पू के खिलाफ अंबरनाथ, बदलापुर में हत्या और हत्या के प्रयास के गंभीर मामले दर्ज हैं। जांच में पता चला है कि वह फिलहाल बदलापुर ईस्ट पुलिस स्टेशन और रायगढ़ जिले के नेरल पुलिस स्टेशन में दर्ज मामलों में फरार है. ऐसा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया.

## बदलापुर में खुली एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की शाखा

**ठाणे.** ठाणे जिले के बदलापुर सहित एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में 25 नई शाखाओं का उद्घाटन किया है. एचडीएफसी एएमसी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ नवनीत मुनोत ने कहा है कि यह पहल कंपनी की तरफ से अपनी पहुंच बढ़ाने और देश में म्यूचुअल फंड में निवेश को और अधिक सुलभ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है. नई शाखाएं यानी बिजनेस सेंटर ठाणे जिले बदलापुर के साथ ही देश के कई शहरों में खोले गए हैं. इस विस्तार से एचडीएफसी म्यूचुअल फंड का नेटवर्क देश भर में 250 से अधिक शाखाओं तक बढ़ गया है, जिससे शहरी और अर्ध-शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों के लिए वित्तीय समाधान करीब आ गए हैं.

# उल्हासनगर में नागरिक समस्याओं का अंबार

- शिवसेना और प्रशासन के बीच अहम बैठक



**उल्हासनगर:** युवा सेना कल्याण लोकसभा सचिव हरजिंदर सिंह उर्फ विक्की भुल्लर ने शहर की नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त विकास ढाकने से मुलाकात की। बैठक में धूल प्रदूषण, सड़कों पर गड्ढे, पानी का रिसाव, तथा सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था में खामियों जैसे लंबित मुद्दों पर चर्चा की गई। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि मनपा प्रशासन ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है तथा इन मुद्दों के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उल्हासनगर शहर सहित वार्ड क्रमांक 3 में धूल, प्रदूषण और गड्ढों वाली सड़कों के साथ-साथ पानी के रिसाव से होने वाली समस्याओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा, जल निकासी व्यवस्था से उत्पन्न अव्यवस्था का समाधान खोजने पर भी चर्चा हुई। शहाड़ क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के कारण नागरिकों को हुए नुकसान के लिए शीघ्र मुआवजा दिए जाने की विशेष मांग की गई। शहद फाटक और नेहरू चौक पर फेरीवालों और रिक्शा चालकों को हो रहे उत्पीड़न के संबंध में भी शिकायतें दर्ज की गईं और इन मुद्दों का तुरंत समाधान करने का अनुरोध किया गया। धोबीघाट क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा शिवनेरी से तानाजीनगर के बीच अधूरी सड़कों का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश प्रशासन को दिए गए। शिवनेरी क्षेत्र में पार्क निर्माण की मांग भी स्वीकार कर ली गई। इस बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट किया कि मनपा प्रशासन सभी मुद्दों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

इस चर्चा में स्थानीय शिवसेना विभाग प्रमुख प्रमोद पांडे, विनोद सालेकर, शिवसेना मेडिकल सिटी संयोजक बिपिन सिंह, शाखा प्रमुख सुमित सिंह, रिंकू शर्मा सहित अन्य शिवसेना पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस चर्चा से उल्हासनगर में कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई है और उम्मीद है कि नागरिकों को जल्द ही राहत मिलेगी। माना जा रहा है कि मनपा प्रशासन की सकारात्मक प्रतिक्रिया से शहर के विकास में तेजी आएगी।

# अंबरनाथ केबी सड़क विद्युत पोल हटाने के लिए 8 करोड़ की निधि



- अब तक इस सड़क पर 79 की मौत
- बेकसूर मरनेवालों का जिम्मेदार प्रशासन

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी सड़क का चौड़ीकरण करके कंक्रीटीकरण करने के कार्य को 10 वर्ष पूरे हो गए हैं. बिजली के खम्भों से लाइट के कनेक्शन तारें निकालकर सड़क के बीच में डिवाइडर में खम्भे लगाकर उनमें लाइट शुरू भी कर दी गई है. लेकिन गत कई वर्षों से बुवापाड़ा से पुलिस स्टेशन तक के सड़क के बीच के खम्भे आज तक नहीं हटाए जाने से इन दस वर्षों में इस सड़क पर आज तक 79 लोगों की दुर्घटना में मौत हो गई है. 5 रिक्शा चालक मारे जा चुके हैं. रिक्शा यूनियन द्वारा दो वर्ष पूर्व आंदोलन भी किया गया था. लेकिन ऐसे लगता है कि सरकारी यंत्रणा वाहन चालकों की और जान लेना चाहता है. इसलिए इन खम्भों को जानबूझकर हटाया नहीं जा रहा है. केबी सड़क के लगभग 100 खम्भे हटाए नहीं जा रहे हैं. विधानसभा चुनाव से पूर्व इन विद्युत खम्भों को हटाने के लिए नारियल भी तोड़ा गया था. इन खम्भों को हटाने के लिए 8 करोड़ रुपयों की निधि भी मंजूर किए गए हैं.

2015 से 2021 के बीच इस केबी सड़क पर 52 लोगों ने अपने प्राण गंवाए हैं. 2022 में 35 दुर्घटनाएं हुई हैं. उसमें से 9 लोगों की मौत हुई है. 2023 में 29 दुर्घटनाएं हुई हैं. आठ ने अपनी जानें गंवाई हैं. 2024 में 43 दुर्घटनाएं हुई हैं. 10 लोगों की मौत हुई है. शनिवार को एक रिक्शा चालक की मौत हुई है. प्रशासन को चाहिए कि कोई और बेकसूर इन खम्भों के कारण मौत के मुंह में चला जाए. इससे पहले ये खम्भे हटा दिए जाएं.

# उल्हासनगर में भाजपा सदस्यता अभियान में जुड़ रहे हजारों लोग- प्रदीप रामचंदानी



**उल्हासनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 जनवरी तक चलेगा। इस सदस्यता अभियान के लिए उल्हासनगर शहर के सभी मंडलों व पूर्व नगरसेवकों द्वारा विशेष अभियान कैंप लगाया गया है और साथ ही घर-घर जाकर भी लोगों को जोड़ने का कार्य भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी की देखरेख में किया जा रहा है।

भाजपा सदस्यता अभियान में हजारों की संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और मजबूत देश व राज्य के साथ उल्हासनगर शहर में भी उत्साह के साथ इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में देवेंद्र सरकार की देखरेख में विकास की गति को और मजबूत करने के लिए यह अभियान के लिए किसी भी व्यक्ति को केवल 8800002024 पर मिस कॉल देना है जिसके बाद उस व्यक्ति की भाजपा की सदस्यता ग्रहण हो जाएगी। इस अभियान में युवा बड़ी संख्या में समलित हो रहे हैं। रामचंदानी ने लोगों से अपील की है कि इसका लाभ लेकर भाजपा को मजबूत बनाएं।

# युवक के साथ की मारपीट

**उल्हासनगर.** गुटखा माफिया लोकेश बजाज के नेतृत्व में उसके 10 से 15 साथियों ने एक युवक राहुल मारोठिया की उसके घर के सामने बेरहमी से पिटाई की। सीसीटीवी में साफ तौर पर दिख रहा है कि मारपीट के दौरान अपराधियों के हाथ में तलवार जैसे हथियार हैं। राहुल मारोठिया नामक युवक उल्हासनगर कैंप दो के झूलेलाल स्कूल क्षेत्र में रहता है। आधी रात के करीब राहुल के रिश्तेदार आशीष खैरालिया की उसके घर के सामने पिटाई हो रही थी। तभी राहुल उसे बचाने के लिए बाहर आया। इस दौरान आशीष भाग गया और राहुल हमलावरों के हाथों पकड़ा गया। आशीष के साथ हुई मारपीट से गुस्साए हमलावरों ने उस पर चिल्लाना और गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। तभी गुटखा माफिया लोकेश ने शिकायतकर्ता के साथ झगड़ा कर लिया। जब राहुल ने हमलावरों को शांत रहने को कहा तो अवि लबाना उर्फ बाशा, नन्नू, लोकेश बजाज और चनी सिंह ने राहुल की बेरहमी से पिटाई कर दी। साथ ही आरोपी शंकर ने हाथ में लिए धारदार हथियार से राहुल पर हमला कर दिया।

हमलावरों ने एक रिक्शा और एक मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरी घटना बिल्डिंग के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# ‘फातिमा बी-सावित्री पुरस्कार’ पुरस्कार वितरण 11 को

**उल्हासनगर.** नारी शक्ति के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने और उन्हें सम्मानित करने के लिए इस वर्ष का 'फातिमाबी-सावित्री पुरस्कार' समाज की महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा।

नेहा जामसुतकर, सरिता पवार, लक्ष्मी यादव, माही घनो और सपना राजपूत इन पांच महिलाओं ने अपनी उपलब्धियों के माध्यम से समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित किया है। इसके अलावा, डॉ. श्यामल गरुड़ और डॉ. उषा रामवानी को शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष सम्मान पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। यह भव्य कार्यक्रम 11 जनवरी को शाम 5 बजे सिंधु भवन, उल्हासनगर में आयोजित किया गया है।

‘कायद्याने वागा’ संस्था के अग्रदूत राज असरोंडकर समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मल्टीमीडिया लेखक-निर्देशक महेंद्र तेरेदेसाई, मुंबई विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. दीपक पवार और अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति की कार्यकर्ता नंदिनी जाधव भी उपस्थित रहेंगी।

डोंबिवली स्थित आंसर कम्प्यूटर्स के प्रबंधक नितिन शेठ को उनके 30 वर्षों के सफल कारोबार के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की स्वागताध्यक्ष पूर्व नगरसेविका अंजलि चंद्रकांत साल्वे होंगी तथा सम्पूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी महाराष्ट्र कला साहित्य रसिक संस्था की अध्यक्ष वृषाली विनायक के पास है। यह कार्यक्रम सभी के लिए खुला है और ‘कायद्याने वागा’ के मीडिया समन्वयक प्रफुल केदारे और राज्य संगठक राकेश पद्माकर मीना ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। नारी शक्ति का उत्सव मनाने वाला यह समारोह समाज को नई प्रेरणा और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नई ऊर्जा देगा। मीडिया समन्वयक प्रफुल केदारे ने कहा कि हमारी उपस्थिति महिला शक्ति के प्रति श्रद्धांजलि होगी।

# अंबरनाथ में सैकड़ों तमिल भक्तों में कंबल वितरित

## पूर्व उपनगराध्यक्ष ने भोजन का भी प्रबंध किया



▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में तमिल समाज की सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष जो हर वर्ष तमिलनाड़ चेन्नई के मंदिर जाते हैं. उस मंदिर के भक्त लाल कपड़े पहनते हैं. उनके लिए अंबरनाथ के पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख ने स्वामी नगर में दोपहर के भोजन का प्रबंध करके श्रद्धालुओं में कंबल बांटे. इस कार्य में यहां के सामाजिक कार्यकर्ता बोस्को ने सहकार्य किया.

अब्दुल शेख ने इससे पूर्व यहां पर अयप्पा मंदिर जाने वालों का भी स्वागत किया था. अब्दुल भाई ने बताया कि यहां पर आदि शक्ति ओमशक्ति की चेन्नई में बड़ी यात्रा होती है. उसमें शामिल होने के लिए अंबरनाथ से सैकड़ों भक्त जाते हैं. उनको शुभेच्छा देने के लिए उन्होंने भोजन का भी आयोजन किया है. स्वामी नगर की मंदिर में आरती-पूजा अर्चना भी की गई.

विदित हो कि शहर पश्चिम के स्वामी नगर, शास्त्री नगर, भीम नगर में सैकड़ों की संख्या में तमिल समाज के लोग रहते हैं. हर वर्ष दिसंबर के महिने में सैकड़ों भक्त काले कपड़े पहनकर अयप्पा मंदिर जाते हैं और जनवरी में लाल कपड़े पहनकर आदि शक्ति, ओम शक्ति मंदिर तमिलनाडु जाते हैं. उनका ऐसा भरोसा है कि इस मंदिर में उनकी मन्नत पूरी होती है.

# उत्पादन शुल्क विभाग ने शराब तस्करों पर कसी नकेल

## वर्ष 2024 में 3,426 मामले दर्ज, 2,309 आरोपी गिरफ्तार; 14 करोड़ 79 लाख 91,711 रुपए का माल जब्त

**ठाणे.** ठाणे में नकली शराब पर प्रतिबंध के बावजूद या आबकारी शुल्क की चोरी कर महाराष्ट्र में शराब लाकर सरकार को चूना लगाने के मामले में ठाणे राज्य आबकारी विभाग की टीम ने शराब तस्करों पर कार्रवाई की है। इस रैकेट में शामिल तस्करों के खिलाफ राज्य आबकारी विभाग की टीम ने वर्ष 2024 में अभियान चलाया है। इसमें कुल 3,426 मामले दर्ज किए गए हैं, 2,309 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और 14.79 करोड़ यानी 91,711 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। पिछले साल जहां अवैध माल की जब्ती 12.27 करोड़ 65 लाख रुपये की थी, वहीं इस साल कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने वर्ष 2023 में बड़ी कार्रवाई करते हुए 3,313 मामले दर्ज किए और 2,227 आरोपियों को गिरफ्तार किया। शराब की तस्करी. वे 14 करोड़ 79 लाख 91 हजार 711 रुपये मूल्य की कीमती वस्तुएं जब्त करने में सफल रहे।



शराब तस्कर विभिन्न राज्यों से कर-मुक्त शराब का परिवहन कर उसे महाराष्ट्र में बेचते हैं। इससे सरकारी राजस्व की हानि होती है। प्रतिबंधित शराब को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाते समय चेक पोस्टों और चौकियों को चकमा देकर अवैध रूप से शराब के परिवहन के लिए किया जा रहा है। इसके लिए तस्कर कारों में विशेष डिब्बे बनाते हैं. टैंकरों में शराब छिपाते हैं और उसे महाराष्ट्र लाते हैं।

राज्य आबकारी अधिकारी द्वारा प्रदेश में नकली शराब की बिक्री और कर चोरी के मामले में दर्ज किए गए मुकदमे और की गई कार्रवाई में करोड़ों रुपये की बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। इस शराब की तस्करी इसलिए की जाती है क्योंकि इससे भारी मुनाफा होता है। यह टीम महाराष्ट्र में ऐसी शराब बेचकर सरकार को चूना लगाने वाले तस्करों पर कड़ी नजर रखती है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## गौतम गंभीर के गुस्से से गहरे जख्म

किसी भी खेल के मामले में परस्पर सहयोग की रणनीति और बेहतर संवाद से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। पिछले कुछ समय से जिस तरह भारतीय क्रिकेट में उतार-चढ़ाव दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ नहीं मैदान में नहीं उतर रहे। उन पर कहीं न कहीं कोई दबाव या निराशा है। टीम को सहेजने-संवारने और बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने में कप्तान के साथ कोच की भी भूमिका बेहद अहम होती है। यह दुखद है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर जिस तरह की तल्खी का प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे टीम के मनोबल तक पर असर पड़ सकता है। मेलबर्न टैस्ट में हार के बाद गंभीर ने पूरी टीम के लिए जिस तरह कुछ कड़े शब्द कहे, उससे तमाम कोशिशों के बावजूद ड्रेसिंग रूम का तनाव बाहर आ गया। अगर खिलाड़ियों के प्रदर्शन से गंभीर नाखुश हैं, तो उन्हें इसकी तह में जाना चाहिए।

खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। भारतीय टीम एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। युवा खिलाड़ियों का कुछ मुद्दों पर अपने मुख्य कोच के साथ एकराय न होना भी चिंता का विषय है। कहा तो यह भी जा रहा है कि पहले के दो कोच के कार्यकाल में जिस तरह संवाद होता था, अब नहीं होता।

सवाल है कि अगर ड्रेसिंग रूम में अशांति रहेगी और कड़वी भाषा में संवाद होगा, तो खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जा सकती है। गौतम गंभीर अपने दौर में आक्रामक खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उनका मुखर व्यक्तित्व है। मगर कभी-कभी उनका गुस्सा सभी का ध्यान खींच लेता है। वे राजनीति में भी सक्रिय रहे हैं, इसलिए शायद उन्हें जनता से संवाद करने और सभी को साथ लेकर चलने की अहमियत का अंदाजा होगा।

यह बताने की जरूरत नहीं कि फिलहाल उन्हें इसी कौशल को अपनाने की जरूरत है। कोच के तल्ख तेवर से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार की भूमिका नहीं बनेगी। इसके लिए खेल की तकनीकों पर ध्यान देने के साथ-साथ खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा रहना भी जरूरी होता है। मुख्य कोच की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह खेल के साथ-साथ सौहार्द और संवाद का एक बेहतर माहौल भी तैयार करें, ताकि खिलाड़ियों के भीतर उत्साह का संचार हो, क्योंकि इसका असर प्रदर्शन पर भी पड़ता है

# भरोसा बढ़ाने वाले फैसलों की प्रतीक्षा, बजट से कई उम्मीदें



पिछले लोकसभा चुनाव में जब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को अपने बलबूते बहुमत नहीं मिला तो इसके कयास लगाए जाने लगे कि गठबंधन सरकार उस वेग और लचीलेपन के साथ कार्य नहीं कर पाएगी, जैसा पिछले दो कार्यकालों में दिखा था। गठबंधन सरकार की अपनी मजबूरियां होती हैं। तीसरी पारी में मोदी सरकार को अपना एजेंडा इसे ध्यान में रखकर बढ़ाना है कि वह नीतीश कुमार की जदयू और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी के समर्थन पर निर्भर है।

मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के लगभग सात माह पूरे कर चुकी है। इस दौरान ऐसा लगा कि वह कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा तय किए जा रहे नैरेटिव और उनके विरोध के कारण उस गति से आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिसकी अपेक्षा की थी। यह साफ दिख रहा है कि उसे वक्फ अधिनियम, एक देश-एक चुनाव पर विपक्ष के दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल का अपना जो पहला बजट पेश किया, उसमें ऐसे क्रांतिकारी कदम नहीं दिखे, जो देश की मूलभूत समस्याओं का निराकरण कर पाते।यदि संसद के पिछले सत्रों को देखा जाए तो मोदी सरकार महत्वपूर्ण समझा जाने वाला एक मात्र बिल- भारतीय वायुयान विधेयक ही पारित करा सकी है।

पिछली सरकारों की तरह मोदी सरकार भी रह-रहकर होने वाले विधानसभा चुनावों का सामना करती है। बार-बार चुनावों के चलते सत्तापक्ष को विपक्ष को जवाब देने के लिए उस जैसे ही तौर-तरीके अपनाने पड़ते हैं। कई बार तो उसे न चाहते हुए भी वह सब करना पड़ता है, जो आर्थिक दृष्टि से सही नहीं होता। भाजपा को वैसी जन कल्याणकारी योजनाएं घोषित करनी पड़ी हैं, जैसी विपक्षी दलों ने वोट हासिल करने के लिए घोषित कीं।

महिलाओं को मासिक भुगतान देने का जो चलन शुरू हुआ है, उससे अब कोई भी दल अछूता नहीं है। महिलाओं को आकर्षित करने वाली इन योजनाओं के कारण ही महाराष्ट्र में भाजपा को प्रचंड जीत मिली। मध्य प्रदेश, हिमाचल, कर्नाटक और झारखंड में भी ऐसी योजनाएं वोट हासिल करने का जरिया बनीं। अब दिल्ली में आम आदमी पार्टी भी इसी तरह की योजना लेकर आई है। राजनीतिक दल चाहे जो दावा करें, सरकारी कोष पर बोझ बनने वाली ऐसी योजनाओं को संचालित करने से बुनियादी बदलाव लाने वाली योजनाएं शुरू करने में समस्या होती है। उसने तीन नए आपराधिक कानूनों पर अमल भी शुरू हुआ है। इसके अलावा मोदी सरकार ने कुछ अन्य ऐसी योजनाएं शुरू की हैं, जो प्रभावशाली हैं, लेकिन उनके नतीजे सामने आने में समय लगेगा। कोई नहीं जानता कि महत्वाकांक्षी उद्देश्य वाले जल प्राधिकरण के गठन का लाभ कब तक मिलने मिलेगा। इसी तरह यह कहना भी कठिन है कि राष्ट्रीय जल नीति कब तक प्रभावी रूप में लागू हो सकेगी। ध्यान रहे कि अभी जनता को शुद्ध पेयजल के ही लाले पड़े रहते हैं। यह ठीक है कि हर घर नल योजना आगे बढ़ रही है, लेकिन क्या वह सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा पा रही है?

आज भारत जिन समस्याओं से जूझ रहा है, वे पिछले कई वर्षों में अनदेखी के चलते गंभीर रूप ले चुकी हैं। उदाहरणस्वरूप शहरों का चरमराता आधारभूत ढांचा, बिगड़ती हुई आबोहवा और नदियों का अत्यधिक प्रदूषित होते जाना। ये समस्याएं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन रही हैं। तथ्य यह भी है कि किसानों की हालत सुधारने के अनेक कदम उठाए जाने के बाद भी उनकी आय दोगुना करने का लक्ष्य दूर है। मोदी सरकार न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं कर सकी है।

समय पर न्याय सुलभ होना एक दूर की कौड़ी है। न तो न्यायपालिका में सुधार हो पा रहा है और न ही नौकरशाही में। नौकरशाही में निचले स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा इसलिए है कि उसे जवाबदेह नहीं बनाया जा पा रहा है। इसी तरह पुलिस सुधार भी लंबित ही हैं। मोदी सरकार अपने पिछले कार्यकाल में जो नई शिक्षा नीति लाई थी, उस पर अमल बहुत धीमी गति से हो रहा है। अभी इस नीति के सकारात्मक प्रभाव दिखने शुरू नहीं हुए हैं।




संसार में शांति लाने के लिए, हमें पहले स्वयं शांत होना होगा। ऐसा हम ध्यानाभ्यास के द्वारा कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# किसान अनशन पर सरकार की बेरुखी !

यह विचित्र है कि एक ओर किसान अपनी मांगों के साथ लगातार आंदोलन पर हैं और सरकार इसे सुलझाने के बजाय उदासीन रवैया अख्तियार किए हुए है। हालत यह है कि उसकी ओर से शीर्ष अदालत तक के आदेशों की जैसी व्याख्या की जा रही है, उससे एक भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। गौरतलब है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल न्यूनतम समर्थन की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों के मसले पर पिछले एक महीने से ज्यादा वक्त से अनशन पर हैं। उनकी बिगड़ती सेहत के मद्देनजर उन्हें चिकित्सा सुविधा दिलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट कई बार पंजाब सरकार को कह चुका है। मगर हैरानी की बात है कि इस मसले पर सकारात्मक रुख दिखाने के बजाय पंजाब सरकार की ओर से न सिर्फ टालमटोल का रवैया प्रदर्शित किया जा रहा है, बल्कि अदालत की बातों को भी संदर्भ से अलग रूप में पेश किया जा रहा है। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान एक बार फिर पंजाब सरकार को फटकार लगाई और उसके आदेशों को सही संदर्भों में देखने को कहा।

दरअसल, अनशन की वजह से डल्लेवाल की गिरती सेहत के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से पंजाब सरकार को ठोस कदम उठाने कहा। मगर पंजाब सरकार के अधिकारियों ने उसे इस रूप में पेश किया कि किसान नेता का अनशन तुड़वाने की कोशिश हो रही है। स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए साफ कहा कि उसके कुछ अधिकारी गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी कर रहे हैं



और मीडिया में भ्रम का माहौल बना रहे हैं। जबकि तथ्य यह है कि अदालत ने डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने को लेकर कोई निर्देश नहीं दिया है, बल्कि उनकी सेहत को लेकर चिंता जाहिर की है और केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अब सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद पंजाब सरकार ने यह सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है कि किसान नेता का अनशन तुड़वाए बिना उन्हें चिकित्सा सहायता मुहैया कराने की कोशिश की जाएगी। सवाल है कि पंजाब सरकार के अधिकारियों को किसानों की मांग, उनके एक अहम नेता के अनशन और अदालती निर्देशों को राजनीतिक दांवपेच में उलझाने की जरूरत क्यों पड़ी।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश और डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत के बावजूद पंजाब सरकार तय समय-सीमा में किसान नेता को अस्पताल में भर्ती नहीं करा सकी। उसकी दलील है कि वह इस मसले पर बल प्रयोग नहीं करना चाहती। हैरानी की बात है कि बल प्रयोग नहीं करने की दुहाई देने वाली सरकार को किसानों की मांग पर कोई व्यापक सहमति बनाने के लिए अपनी ईमानदार इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना जरूरी नहीं लगता।

दूसरी ओर, किसानों का धरना खत्म होना इस बात पर निर्भर करता है कि केंद्र सरकार इस पर क्या रुख अख्तियार करती है। मगर यह समझना मुश्किल है कि जब खुद एक संसदीय समिति भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी देने की सिफारिश कर चुकी है, तब भी सरकार को इस ओर कोई स्पष्ट कदम उठाना जरूरी क्यों नहीं लगता। अगर इस तरह के टालमटोल भरे रवैये की वजह से किसान नेता की सेहत खराब होती है या कोई अन्य अप्रत्याशित स्थिति पैदा होती है, तो उसके बाद किसकी जवाबदेही तय की जाएगी। जरूरत इस बात की है कि किसानों के आंदोलन में उठाए गए मांगों पर समय रहते सहमति बनाने के लिए कोई ठोस पहल की जाए और इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अहमियत समझी जाए।

# लड्डू विवाद पहुंचा कोर्ट : 16 लोगों को भेजा एक करोड़ का नोटिस


नोएडा के सेक्टर-20 से एक अनोखा मामला सामने आया है जहां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बांटे गए

**जरा हट के**

लड्डुओं को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि मामला अदालत जा पहुंचा. सेक्टर-20 आरडब्ल्यूए (ब्लॉक वी) के अध्यक्ष विद्या सागर विरमानी ने 16 लोगों के खिलाफ एक करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है. इस विवाद की सुनवाई सूरजपुर कोर्ट में 27 जनवरी को होगी. आरोप है कि स्वतंत्रता दिवस के दिन उनकी देखरेख में बांटे जा रहे लड्डुओं को लेकर उन पर अपमानजनक टिप्पणियां की गईं थी.

### क्या है मामला?

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लड्डू बांटने को लेकर कुछ निवासियों ने आरोप लगाया कि बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें फर्जी तरीके से कई हजार रुपए के लड्डू बांटने का बिल बनाकर दिखाया गया



लेकिन लड्डू कहां और किसको बांटे गए ये किसी को दिखाई नहीं दिया. लोगों ने अध्यक्ष विद्या सागर के बारे में यह भी कहा कि शायद वह खुद ही अकेले-अकेले लड्डू खा लिए होंगे. आरोप लगाया गया कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को लड्डू बांटे गए. लड्डू बांटने में भी एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों से सहमति ली गई थी. इसके लिए 12 किलो लड्डू करीब सात हजार में खरीदे गए. इसका बिल एसोसिएशन की ओर से बना. आरोप लगाने वालों का कहना है कि लड्डू बांटने के नाम पर फर्जी बिल तैयार किया गया. कुछ लोगों ने तो यहां तक दावा किया कि लड्डू अध्यक्ष ने खुद खा लिए होंगे. इन आरोपों से आहत होकर विद्या सागर विरमानी ने वकील की मदद से 16 लोगों पर मानहानि का केस कर एक करोड़ का नोटिस भिजवाया.

### कौन-कौन आरोपित?

इस मामले में मोहम्मद अख्तर, साहब सिंह, एसपी सिंह, प्रेम शर्मा, आरसी माहुर, मंजू शर्मा, गीता अग्रवाल, कांता किला, कविता रोहतगी, गणेश शालिहोत्र, आलोक जैन, आरसी मालिक, केएल गोयल, वीके मेहरा, एमके अरोड़ा और अरुण कुमार जोशी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है.

# ठंडा, गुनगुना या गर्म... सर्दियों में कैसा पानी पीएं?


- **शरीर के लिए कितना तापमान सही**
- **आयुर्वेदाचार्य से समझें गणित**

विज्ञान कहता है कि मौसम परिवर्तन के साथ ही हमारे शरीर की जरूरतों में भी बदलाव आता है. इन्हीं जरूरतों के मुताबिक हम खानपान करते हैं. जिस तरह गर्मी में शरीर को ठंडा रखने के लिए ठंडी चीजें खाते हैं, ठीक उसी तरह सर्दियों में बॉडी को गर्म रखने के लिए गर्म चीजें खाते हैं. लेकिन, इससे पहले दिन की शुरुआत 1 गिलास पानी के साथ करते हैं. विद्वानों बताते हैं कि, रोज सुबह खाली पेट ताजा पानी पीने से वजन घटाने से लेकर किडनी और लिवर से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती हैं. हालांकि, पानी के तापमान में मौसम के अनुसार बदलाव जरूरी है.

अब सवाल है कि आखिर ठंड में कितना गर्म पानी पीना चाहिए? हमारे शरीर के लिए पानी का कितना तापमान सही? सर्दियों में ठंडा पानी पीने नुकसान और नियम क्या हैं? इस बारे में बता रही हैं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ की डॉ. शची श्रीवास्तव-

### ठंड में शरीर के मुताबिक पानी का सही तापमान?

एक्सपर्ट के मुताबिक, इंसान को शारीरिक दोष के हिसाब से सुबह के समय गुनगुना पानी पीना चाहिए. क्योंकि, जिस तरह ठंडा पानी नुकसानदेय हो सकता है, उसी तरह अधिक गर्म पानी भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है.



### सर्दी में गर्म पानी पीने का सही तरीका क्या है?

एक्सपर्ट बताती हैं कि, सुबह उठकर गुनगुना पानी पीना स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता है. इससे आपको नुकसान हो सकता है. इसलिए कोशिश करें कि गर्म पानी इसलिए ठंड में ऐसा पानी पीने की कोशिश करें, जिसका तापमान 60°F से 100°F (16°C से 38°C) के भीतर हो. में थोड़ा सा घी या नींबू मिक्स कर लें. वहीं, यदि आप ट्रैवल कर रहे हैं, तो ऐसे में सादा पानी का भी सेवन किया जा सकता है.

### ठंड में गर्म पानी पीने से जुड़ी बातें और एहतियात?

**कफ दोष:** यदि आप कफ की परेशानी झेल रहे हैं, तो आपको ऐसा पानी पीना चाहिए, जो न ज्यादा गर्म हो और न ही ज्यादा ठंडा. सीमित तापमान का गुनगुना पानी चुस्की की तरह सेवन करना चाहिए. बता दें कि, गुनगुना पानी पीने से शरीर से टॉक्सिक बाहर होता है और आपको परेशानी से आराम मिलता है.

**पित्त दोष:** ठंड में पित्त दोष बढ़ने पर पेट और सीने में जलन महसूस होना, अपच, कब्ज और एसिडिटी की समस्या, नींद न आना और त्वचा पर दाने निकलना जैसी तमाम परेशानियां हो सकती हैं. इससे निजात पाने के लिए पानी को शरीर के तापमान तक ठंडा करने की आवश्यकता होती है.

**वात दोष:** ठंडा मौसम, ठंडा भोजन और दिन का सर्द तापमान वात दोष को बढ़ावा देता है. इसलिए वात दोष की स्थिति में अधिक गर्म और अधिक ठंडे पानी से परहेज करना चाहिए. हालांकि, कोशिश करें कि इस स्थिति में गुनगुना पानी ही पिएं.

# स्प्राउट्स पनीर टिकी

खाना-खजाना


**स्प्राउट्स सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इनमें फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करती है। कब्ज और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में ये काफी मददगार साबित होते हैं। इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करता है, जिससे भूख कम लगती है। ऐसे में वजन घटाने वालों के लिए ये सबसे अच्छा ब्रेकफास्ट है। वहीं पनीर भी सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें कैल्शियम की भरपूर मात्रआ होती है जो हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए बहुत जरूरी है। यह जोड़ों के दर्द से बचाव में भी मदद करता है। इसके अलावा भी पनीर में कई गुण होते हैं।**

### सामग्री :

- 1 कप स्प्राउट्स
- आधा कप कसा हुआ पनीर
- 5-6 हरी मिर्च
- 1अदरक
- 2 लहसुन की कलियां
- 1 छोटे आकार का प्याज
- 1/2 छोटा चम्मच हल्दी
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा पाउडर
- 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच चाट मसाला
- 1/2 छोटा चम्मच गरम मसाला
- नमक स्वाद अनुसार

### विधि :

इसे बनाने के लिए उबले स्प्राउट्स में बारीक हरी मिर्च, लहसुन और प्याज को काट कर एक साथ मिलाएं और फिर दरदरा ब्लेंड कर लें। फिर इसे एक बर्तन में निकालें और इसमें कद्दूकस किया पनीर मिलाएं। अब अच्छे से मिक्स करें और इसमें सभी मसालों को डाल दें। अगर मिक्स गीला हो जाए



तो इसमें भूना बेसन मिला दें। अब इस मिक्स का थोड़ा हिस्सा लें और टिक्की बनाएं। सभी टिक्की इसी तरह से तैयार करें फिर एक पैन को गर्म करें उसपर थोड़ा तेल लगाएं और एक-एक टिक्की को सेक लें। टेस्टी-हेल्दी स्प्राउट्स पनीर टिक्की तैयार है इसे हरी चटनी के साथ सर्व करें।

# नॉनवेज नहीं खाते हैं तो क्या...

## इन 6 प्लांट बेस्ड फूड का शुरू करें सेवन

- **शरीर को मीट से ज्यादा मिलेगा प्रोटीन!**

सेहतमंद रहने के लिए प्रोटीन का सेवन बेहद जरूरी है. यह मसल्स, बाल, स्किन और नाखूनों की ग्रोथ के लिए बेहतरीन विकल्प माना जाता है. साथ ही, यह बॉडी बिल्डिंग के लिए भी बेहद जरूरी है. इसलिए डेली पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना जरूरी है. आमतौर पर माना जाता है कि प्रोटीन केवल नॉनवेज भोजन में ही मिलता है, लेकिन यह धारणा पूरी तरह गलत है. आपको बता दें कि, कई शाकाहारी भोजन भी हैं जो आपके शरीर को भरपूर प्रोटीन दे सकता है. अब सवाल है कि आखिर मीट न खाएं तो प्रोटीन कैसे मिलेगा? किन फूड्स में पर्याप्त प्रोटीन पाया जाता है? आइए जानते हैं इस बारे में-

### प्रोटीन से भरपूर प्लांट बेस्ड फूड



**सेटेन:** हेल्थलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, सेटेन में कई मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है. ये उन लोगों के लिए काफी अच्छा ऑप्शन है, जिन लोगों ने मीट खाना छोड़ दिया हो. इसका स्वाद मीट की तरह ही होता है. हालांकि, ये ग्लूटेन से बना होता है.

**पत्तेदार साग:** केल, पालक और ब्रोकली का सेवन करने से अच्छी मात्रा में प्रोटीन की प्राप्ति हो जाती है. इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन, खनिज पोषक तत्व और आयरन शरीर को पोषण देकर स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होते हैं.

**साबुत अनाज:** कॉम्प्लेक्स कार्ब्स की अच्छी मात्रा से भरपूर साबुत अनाज जैसे कि ब्राऊन राइस और जई प्रोटीन से भरपूर होते हैं. इनके पकाए गए एक कप की मात्रा के सेवन से शरीर को 7-8 ग्राम प्रोटीन की प्राप्ति होती है. इनके सेवन से मांसपेशियों के निर्माण और एनर्जी लेवल में लगातार वृद्धि होती रहती है.

**टोफू और टेंपेह:** हाई प्रोटीन से भरपूर टोफू और टेंपेह एक सोया उत्पाद है. इसे बनाने के अनेकों विकल्प हैं. आधे कप टोफू या टेंपेह से 20 ग्राम प्रोटीन मिलता है.

**नट्स-सीड :** प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट से भरपूर अलसी, बादाम, चिया सी*, भांग के बीज बेहतरीन प्लांट बेस्ड फूड हैं. इन्हें हेल्दी स्नैक्स के रूप में डेली रूटीन में शामिल करना प्रोटीन का अच्छा विकल्प है.

# दोमुंहे बालों से हो रहे परेशान?

## इन टिप्स को करें फॉलो, लंबे और घने हो जाएंगे बाल


**सर्दियों में बालों को नमी और पोषण की जरूरत होती है . नारियल, बादाम या ऑर्गन ऑयल से हल्के हाथों से स्कैल्प की मालिश करें . तेल लगाने से बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है और टूटने की समस्या कम होती है . इसे रातभर के लिए छोड़ दें और सुबह हल्के शैंपू से धो लें . ध्यान रहे कि ठंडे मौसम में गर्म पानी से बाल धोने से बचें क्योंकि यह बालों की नमी को छीन लेता है . इसके बजाय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें, जो बालों की नमी बनाए रखे और स्कैल्प को साफ भी करे .**

### दोमुंहे बालों को ट्रिम करें

दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने का सबसे आसान तरीका है कि उन्हें समय-समय पर ट्रिम कराएं. हर 6-8 हफ्तों में बालों की सिरे से कटाई करें, ताकि वे स्वस्थ और घने दिखें. दही, शहद और एलोवेरा जेल से बना हेयर मास्क बालों को पोषण देता है और दोमुंहे बालों की समस्या को कम करता है. इसे सप्ताह में एक बार लगाएं और बालों को मुलायम और चमकदार बनाएं. बालों को स्वस्थ रखने के लिए शरीर को अंदर से हाइड्रेट रखना जरूरी है. पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अपनी डाइट में फलों, सब्जियों और प्रोटीन युक्त आहार को शामिल करें। यह बालों की मजबूती और घनत्व बनाए रखने में मदद करेगा.

### हीट स्टाइलिंग से बचें

हीट स्टाइलिंग जैसे स्ट्रेटनर और कर्लर, बालों को और कमजोर



कर सकते हैं. सर्दियों में इनका उपयोग सीमित करें और बालों को प्राकृतिक तरीके से सूखने दें. इन सरल और प्रभावी टिप्स को अपनाकर आप सर्दियों में दोमुंहे बालों की समस्या से बच सकते हैं. नियमित देखभाल और सही पोषण से आपके बाल न केवल लंबे और घने बनेंगे, बल्कि वे स्वस्थ और चमकदार भी दिखेंगे.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज घर में पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार-कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में आपके कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे.

**वृषभ :** पारिवारिक क्षेत्र से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। घर में वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। माता को पुराना रोग उभर सकता है। अपनी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरीपेशा का काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा।

**मिथुन :** कारोबार में वृद्धि होगी। अतिरिक्त धन पाने के प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा।

**कर्क :** आज घर में दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्य में जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें।

**सिंह :** नौकरीपेशा को अप्रत्याशित धनलाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि होने से प्रसन्नता बनी रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन का निवेश मनोनकूल लाभ दिलाने वाला रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

**कन्या :** आज कारोबार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता बनी रहेगी। नौकरीपेशा वर्ग को अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। ऑफिस में विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पत्नी को पुराना रोग उभर सकता है। आज हर तरह के जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृश्चिक :** कार्य में नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होने से धनागमन के रास्ते खुलेंगे। परिवार में मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

**धनु :** आज परिवारजनों के साथ धर्म-कर्म में रुचि बनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मकर :** बाहरी यात्रा में आज जल्दबाजी न करें। संतान को शारीरिक कष्ट संभव है। माता को भी पुराना रोग परेशान कर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। परिवारजनों से बातचीत में वाणी पर ध्यान रखें। घरेलू कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं.

**कुंभ :** व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। आज धनहानि की आशंका है। रुपये-पैसे के लेन-देन में जल्दबाजी न करें। स्वयं को थकान व कमजोरी रह सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** आज आपको स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी तथा आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता को स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### सॉरी मां, इसमें किसी का दोष नहीं...इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर युवक ने की खुदकुशी

**हाथरस.** हाथरस में एक 22 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखा था। जिसमें अपनी मां से माफी मांगते हुए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया था। ये घटना कोतवाली सदर इलाके के मथुरा रोड स्थित काका हाथरसी स्मारक के पास का है। आगरा के थाना कागरोल क्षेत्र के गांव अकोला बैरी का रहने वाले मुन्ना का 22 साल का बेटा मनीष हाथरस में एक भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाता था। मनीष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि युवक ने आत्महत्या क्यों की है, इस बात की जानकारी उनको नहीं है। पुलिस ने परिवार की उपस्थिति में शव को फंदे से उतारा। मृतक ने आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली थी। जिसमें उसने लिखा है कि इसमें किसी का दोष नहीं है। 'मैं खुद ही आत्महत्या कर रहा हूं, सॉरी मां जी। इस पोस्ट से स्पष्ट है कि मनीष ने आत्महत्या का निर्णय स्वयं लिया, लेकिन इसके पीछे के कारण अज्ञात हैं।'

### आयुष जायसवाल ने नासिर पठान बनकर महाकुंभ मेले को बम से उड़ाने की धमकी दी, बिहार से गिरफ्तार


**प्रयागराज.** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेला को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को बिहार के पूर्णिया जिले से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम आयुष कुमार जायसवाल है। उसने पिछले दिनों नासिर पठान के नाम से सोशल मीडिया पर महाकुंभ मेला को उड़ान की धमकी दी थी। इसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। यूपी पुलिस ने उसे पूर्णिया जिले की भवानीपुर पुलिस के सहयोग से शनिवार को शहीदगंज पंचायत स्थित वार्ड 4 से गिरफ्तार किया। भवानीपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आयुष ने नासिर बनकर 31 दिसंबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उसमें महाकुंभ में बम धमाका करने की धमकी दी गई थी। यूपी की प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया और जांच शुरू की।

### महज 30 रुपये के लिए नाई ने पेट में घोंपी कैंची, बाहर आई आंत

**लखनऊ.** राजधानी लखनऊ में महज 30 रुपये को लेकर नई और सर्राफ के बेटे के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नाई ने सर्राफ के बेटे के कैंची घोंप दी। जिससे युवक की आंत बाहर निकल आई। झगड़े की सूचना पर युवक को बचाने के लिए भाई पहुंचा। जिसके ऊपर भी आरोपियों ने उस्तरे से हमला किया। पड़ोसियों को आते देख नाई और उसका भाई भाग निकले। गायत्री नगर निवासी देवी सहाय सोनी की रामलीला मैदान के पास शिवम ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। घर के पास ही अनमोल और उसका भाई चंद्रशेखर नाई की दुकान चलाते हैं। देवी सहाय के मुताबिक शुक्रवार सुबह नाई अनमोल की दुकान पर छोटा भाई संतोष सोनी गया था।

# दिल्ली में भाजपा बंद नहीं करेगी मुफ्त वाली स्कीमें

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा वादा**



**नई दिल्ली.** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के ऐलान से पहले पीएम मोदी ने 12 हजार करोड़ से अधिक की सौगात राजधानी को दी है। 'नमो भारत' नेटवर्क के विस्तार और नई मेट्रो लाइन के उद्घाटन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने रोहिणी के जापानी पार्क में भाजपा की 'परिवर्तन रैली' को संबोधित किया। पीएम मोदी ने एक तरफ जहां 'आप' सरकार पर जोरदार प्रहार किया तो दूसरी तरफ यह वादा भी कर दिया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार मौजूदा स्कीमों को बंद नहीं करेगी। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की पार्टी की ओर से किए जा रहे इस प्रचार को झूठा करार दिया कि भाजपा की सरकार बनी तो मुफ्त बिजली-पानी जैसी स्कीमें बंद हो जाएंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोहिणी की रैली में विस्तार से बताया कि भाजपा दिल्ली को किस तरह विकसित करना चाहती है। पीएम ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार को एक बार फिर 'आपदा' करार देते हुए तीखे हमले किए। पीएम ने कहा कि गर्मी में पानी के लिए मारामारी, बरसात में जलभराव की परेशानी, सर्दी में प्रदूषण से सांस लेना मुश्किल। दिल्ली के लिए इन लोगों ने हर मौसम आपदाकाल बना दिया है। दिल्लीवालों की ऊर्जा सालभर आपदा से ही निपटने में लग रही है। इसलिए दिल्ली में आपदा हटेगी तो ही सुशासन का डबल इंजन आएगा।

> **शीशमहल पर बड़ा अटैक**
>
> पीएम मोदी ने एक बार फिर कथित शीशमहल का जिक्र करते हुए नाम लिए बिना अरविंद केजरीवाल पर प्रहार किया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली पर आपदा लाने वाले झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार काम नहीं करने देती। केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती। ये कितने बड़े झूठे हैं इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने सीएजी रिपोर्ट के आधार पर शीशमहल पर हुए खर्च का खुलासा किया है। आपको यह जानकर पीड़ा होगी, पूरे देश के लोग चौंक जाएंगे, जब दिल्ली के लोग कोरोना से जूझ रहे थे, जब दिल्ली के लोग ऑक्सीजन और दवा के लिए भटक रहे थे तब इन लोगों का फोकस अपना शीशमहल बनवाने में था। इन्होंने शीशमहल का भारीभरकम बजट बनाया, आज अखबार ने खुलासा किया है कि कैसे इस शीशमहल पर बजट से भी तीन गुना से ज्यादा पैसे खर्च किए गए। यही इनकी सच्चाई है।'

# हर संडे पुलिस स्टेशन में 'पुष्पा' की होगी पेशी!

- **कोर्ट के कहने पर हाजिरी लगाने पहुंचे अल्लू अर्जुन**



**हैदराबाद.** 'पुष्पा 2' के प्रीमियर में भगदड़ के दौरान एक महिला की मौत के मामले में तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन रविवार को पुलिस के समक्ष पेश हुए। मामले में आरोपी नंबर 11 के रूप में सूचीबद्ध अर्जुन को तीन जनवरी को शहर की एक अदालत ने नियमित जमानत दी थी। अदालत के निर्देशों के अनुसार, अभिनेता को 2 महीने की अवधि के लिए या आरोपपत्र दायर होने तक हर रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच जांच अधिकारी के सामने पेश होना है।

इसके अलावा, अदालत ने अल्लू अर्जुन को अदालत को सूचना दिए बिना अपना आवासीय पता न बदलने का निर्देश दिया और बिना अनुमति के विदेश जाने पर भी रोक लगा दी। ये शर्तें तब तक लागू रहेंगी जब तक मामले में कोई फैसला नहीं आ जाता। 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान अभिनेता की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों के बीच होड़ में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई थी। उसी में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई थी और उसका 8 वर्षीय बेटा घायल हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने अल्लू अर्जुन, उनकी सुरक्षा टीम और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

## यूपी-बिहार में ठंड से 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण पूरे उत्तर भारत में ठंड का असर तेज हो रहा है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में ठंड से 8 लोग और बिहार में 2 लोगों ने जान गंवाई। देश के 14 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा देखने को मिल रहा है। विजिबिलिटी घटने के कारण दिल्ली में रविवार को 160 फ्लाइट लेट हुईं। 7 कैंसिल भी हुईं। वहीं, 60 से ज्यादा ट्रेनें भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। दिल्ली में 3 दिनों में कुल 900 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुईं।

राजस्थान में ठंड से फिलहाल राहत है। यहां आज कुछ जिलों में रविवार को बारिश की संभावना है। MP के मंडला में तापमान 4 डिग्री तक पहुंच गया है। राज्य के कई जिलों में 2 दिन बाद सर्दी और बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कश्मीर और चिनाब घाटी में भारी बर्फबारी का अनुमान जताया है।

# पोरबंदर में कोस्टगार्ड हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 की मौत

- **नियमित उड़ान पर था ALH ध्रुव**
- **एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान हादसा**

**पोरबंदर.** गुजरात के पोरबंदर में रविवार दोपहर 12 बजे इंडियन कोस्ट गार्ड का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कोस्ट गार्ड का हेलिकॉप्टर ध्रुव नियमित उड़ान पर था। पोरबंदर एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर के गिरते ही उसमें आग लग गई। कोस्ट गार्ड ने बताया कि हेलिकॉप्टर में 2 पायलट समेत 3 लोग सवार थे। जानकारी मिल रही है कि हादसे में सभी की मौत हो गई। पिछले साल 2 सितंबर को भी इंडियन कोस्ट गार्ड (ICG) का एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) पोरबंदर तट के पास अरब सागर में गिर गया था। इस दौरान हेलिकॉप्टर में सवार 4 में से एक क्रू मेंबर को बचा लिया गया था, जबकि 3 क्रू मेंबर्स लापता हो गए थे।



# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

- **शवों के साथ AK-47 और SLR बरामद**

**दंतेवाड़ा.** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात मुठभेड़ हुई है, जिसमें DRG जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए। वहीं, जवानों ने एक महिला नक्सली समेत 4 माओवादियों को भी मार गिराया है।

शहीद जवान सन्नू कारम एक आत्मसमर्पित नक्सली थे। कुछ साल पहले ही उन्होंने नक्सलवाद छोड़ दिया था और पुलिस में भर्ती हुए थे, जहां उनकी पोस्टिंग दंतेवाड़ा में हुई थी। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मौके से सभी नक्सलियों के शव और AK 47, SLR जैसे हथियार बरामद किए हैं। इसकी पुष्टि बस्तर IG सुंदरराज पी ने की है।



### ऑपरेशन पर निकले थे 1 हजार जवान


बताया जा रहा है कि, शनिवार देर रात 4 जिले के 1 हजार जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके को घेर लिया था। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। इस ऑपरेशन में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर जिले की DRG और STF की टीम को भेजा गया था। नक्सलियों की लाश लेकर जवान लौट गए हैं।

> **CM बोले-अब नक्सलियों का अंतिम समय आ रहा**
>
> मुठभेड़ में जवान शहीद और मारे गए नक्सलियों को लेकर CM साय ने कहा कि सुरक्षाबलों के साहस को नमन है। पिछले एक साल से नक्सलवाद के खिलाफ जवान मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। लड़ाई अब भी जारी है। हमारे एक जवान भी शहीद हुए हैं। निश्चित रूप से हम लोगों को सफलता मिलेगी। अब नक्सलियों का अंतिम समय आ रहा है।

# राहुल बोले- एजुकेशन में प्राइवेटाइजेशन सही नहीं

**IIT स्टूडेंट से कहा- भाजपा विकास को लेकर आक्रामक, हम संसाधनों को बराबर बांटना चाहते हैं**

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने IIT मद्रास के स्टूडेंट से मुलाकात की। X पर स्टूडेंट से बातचीत का वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा- सरकारों को एजुकेशन सेक्टर में खर्च बढ़ाना चाहिए। निजीकरण और वित्तीय सहायता के जरिए क्वालिटी एजुकेशन हासिल नहीं किया जा सकता है।



राहुल से एक स्टूडेंट ने पूछा कि कांग्रेस और भाजपा की वर्किंग में क्या अंतर है। इस राहुल ने कहा- कांग्रेस और यूपीए का आम तौर पर मानना है कि संसाधन निष्पक्ष तरीके से सभी में बंटने चाहिए। विकास सबके लिए बराबर होना चाहिए। समाज का कोई वर्ग इससे ना छूटे। वहीं, भाजपा वाले ग्रोथ को लेकर अधिक आक्रामक रहते हैं। उनका मानना है कि संसाधनों पर फोकस करना चाहिए। वे आर्थिक रूप से इसे ट्रिकल डाउन कहते हैं। सामाजिक मामलों पर कांग्रेस का मानना है कि समाज जितना सौहार्द से भरा होगा। उतने कम लोग लड़ेंगे।

# हरियाणा में ड्राइविंग सीख रहे युवक ने 5 को कुचला

- **ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर रखा पैर**

**कैथल.** हरियाणा के कैथल में शनिवार को चीका अनाज मंडी में कुर्सियों पर बैठकर बात कर रहे 5 युवकों को कार चलाना सीख रहे युवक ने टक्कर मार दी। पूरी घटना का CCTV वीडियो भी सामने आया है। कार की टक्कर के बाद 3 युवक वहीं गिर गए, जबकि 2 को वह घसीटते हुए ले गया।

पूरी घटना 5 सेकेंड के अंदर हुई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवार दोनों लोगों को पकड़ लिया। इसके बाद घायलों को चीका के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें 2 युवकों को ज्यादा चोट आई हैं। पांचों युवक अनाज मंडी में मुनीम का काम करते हैं। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

CCTV फुटेज के मुताबिक शनिवार दोपहर 2:50 बजे 5 युवक चीका की अनाज मंडी में दुकान के बाहर कुर्सियों पर बैठे थे। तभी सफेद रंग की कार आई और पांचों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कुर्सियां टूट गईं। तीन लोग मौके पर ही गिर गए। इसके बाद तीनों खुद से उठे और साइड हुए। 2 लोगों को कार घसीटते हुए ले गई।

एक व्यक्ति कार के बोनट पर उछल रहा था, जबकि दूसरे को कार घसीट रही थी। आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े-दौड़े आए। उन्होंने घायलों को संभाला। तभी कार से 2 युवक नीचे उतरे। एक युवक घायल को संभालने लगा। तभी वहां आए लोगों ने कार सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। लोगों के मुताबिक, युवक अनाज मंडी में कार चलाना सीख रहा था। इसी दौरान युवक का पैर ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर पड़ गया। इसके बाद कार तेजी से दौड़ पड़ी। युवक ने कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन कार पांचों को टक्कर मारते हुए आगे निकल गई।

# ढाई दिन में सिडनी टेस्ट हारा भारत

- **ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया**
- **10 साल बाद BGT गंवाई;**
- **WTC फाइनल की रेस से बाहर**

भारतीय टीम सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 विकेट से हार गई है। इस हार के साथ भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 की पराजय झेलनी पड़ी है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को इस सीरीज में 10 साल के बाद हराया है। इससे पहले कंगारु टीम ने 2014-15 के सीजन में एमएस धोनी की कप्तानी वाली टीम इंडिया से सीरीज जीती थी।

रविवार को मुकाबले के तीसरे दिन भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 162 रन का टारगेट दिया, जिसे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड 34 और ब्यू वेबस्टर 39 रन पर नाबाद रहे। इन दोनों के अलावा, उस्मान ख्वाजा ने 41 और सैम कोंस्टास ने 22 रन बनाए। भारत से प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट झटके। दिन के पहले सेशन में भारतीय टीम दूसरी पारी में 157 रन पर ऑलआउट हो गई।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई, जबकि भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। इस तरह भारत को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी।

इस हार के बाद भारतीय टीम (50.00%) वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में फाइनल की रेस से बाहर हो गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (63.73%) ने लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश कर गई है।



**स्कोर : 3-1**

| | |
|---|---|
| पहला टेस्ट, पर्थ | भारत 295 रन से जीता |
| दूसरा टेस्ट, एडिलेड | ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता |
| तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन | बारिश के कारण मैच ड्रॉ |
| चौथा टेस्ट, मेलबर्न | ऑस्ट्रेलिया 184 रन से जीता |
| पांचवां टेस्ट, सिडनी | ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीता |

# 2 भगोड़े पूर्व सैनिक 19 साल बाद गिरफ्तार

- **केरल में मां-जुड़वां बेटियों की हत्या करके भागे थे**
- **पेटर्निटी टेस्ट नहीं करवाना चाहते थे**

**पुडुचेरी.** 10 फरवरी 2006 को केरल के कोल्लम जिले में अंचल के पास येरम में एक अविवाहित महिला और उसकी 17 दिन की जुड़वां बेटियों की हत्या हुई थी। हत्या करने वाला अंचल का ही रहने वाला दिबिल कुमार बी था, जो 2006 में भारतीय सेना की 45 ए.डी. रेजिमेंट में था।

इस हत्या में उसकी रेजिमेंट के ही एक और साथी पी राजेश ने मदद की थी। हत्या के बाद दोनों आरोपी रेजिमेंट में वापस न जाकर भाग गए थे। मार्च 2006 में सेना ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था।

हत्या के 19 साल बाद खबर मिली कि कुमार और राजेश पुडुचेरी में पहचान बदलकर रह रहे हैं। सर्चिंग के बाद 3 जनवरी को चेन्नई CBI दोनों को गिरफ्तार करके कोच्चि ले आई।

पुडुचेरी में रहते हुए दोनों ने शादी कर ली थी। एर्नाकुलम चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 18 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

24 साल की रंजिनी अंचल में अपनी मां के साथ रहती थी। रंजिनी और दिबिल कुमार बी रिलेशनशिप में थे। 24 जनवरी 2006 को रंजिनी ने जुड़वां बेटियों को जन्म दिया। जिसके बाद कुमार, रंजिनी से दूरी बनाने लगा।

रंजिनी ने केरल राज्य महिला आयोग से कुमार की शिकायत की, जिसके बाद आयोग ने पेटर्निटी टेस्ट करवाने का आदेश दिया। इसी बात से नाराज कुमार ने रंजिनी और बेटियों की हत्या की साजिश की।

CBI के मुताबिक कुमार ने राजेश को रंजिनी के पास भेजा। राजेश ने रंजिनी के परिवार को भरोसा दिलाया कि वह दोनों की शादी करवाने में मदद करेगा। लेकिन उसने हत्या में कुमार का साथ दिया।

हत्या वाले दिन रंजिनी की मां जुड़वाँ बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र लेने पंचायत ऑफिस गईं थी।लौटने पर उसने घर में बेटी और नातिनों की लाशें देखीं। बाद में पुलिस को खबर दी।

> **पुडुचेरी में नाम बदलकर छिपे रहे, शादी भी की**
>
> केरल पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश की, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। दोनों पर 2-2 लाख का ईनाम भी रखा गया। 2010 में केरल हाईकोर्ट ने केस CBI को सौंप दिया, लेकिन एजेंसी भी उन्हें पकड़ने में नाकाम रही। अंचल से भागकर दोनों आरोपी पुडुचेरी पहुंचे। यहां उन्होंने अपना नाम-पहचान बदली। कुमार ने नया नाम विष्णु और राजेश ने प्रवीण रखा था। उन्होंने शादी की, संपत्ति भी खरीदी।



## संक्षेप...

### पेट्रोल पंप मालिक से मारपीट

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत दापोडा पेट्रोल पंप मालिक को धमकी देने और मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने मुख्य आरोपी द्रविड़ अनंता पाटिल और उसके 4 साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. शिकायतकर्ता पेट्रोल पंप मालिक स्वप्निल मुरलीधर पिचड़ ने पुलिस को बताया कि आरोपी द्रविड़ अनंता पाटिल ने अपने ट्रक को पेट्रोल पंप के सामने खड़ा कर रखा था. जब पिचड़ ने ट्रक हटाने का अनुरोध किया तो द्रविड़ और उसके चार साथियों ने नाराज होकर पिचड़ के पेट्रोल पंप पर धावा बोल दिया.

# BMC चुनाव में उद्धव को पटखनी देंगे शिंदे !

### महाराष्ट्र में ढह जाएगा ठाकरे का किला?

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद अब देश की सबसे बड़ी बजट वाली मुंबई महानगर पालिका चुनाव पर सभी दलों की नजर है. बीजेपी की नजर अब मेयर पद पर है. बीएमसी चुनाव जीतने BJP किसी भी हद तक जा सकती है. BMC चुनाव में भाजपा के लिए एकनाथ शिंदे का रोल अहम हो सकता है. 25 वर्षों से बीएमसी पर उद्धव ठाकरे का कब्जा है. उद्धव का किला ढहाने के लिए एकनाथ शिंदे को बीजेपी आगे ला सकती है.

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उद्धव को शिकस्त देने के बाद एकनाथ शिंदे अब बीएमसी चुनाव में ठाकरे को पराजित करने की योजना बना रहे है. उद्धव से बगावत के बाद एकनाथ शिंदे नए साल में नयी चुनौतियों का सामना करने के रणनीति तय कर ली है. आने वाले कुछ दिनों में शिंदे बीएमसी चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के



नेताओं से चर्चा कर सकते है.

बता दें कि बीएमसी में पिछले 25 सालों से उद्धव ठाकरे का



कब्जा रहा है. लेकिन अब शिवसेना टूटने के बाद परिस्थितियां बदल चुकी है. शिवसेना का आधे से ज्यादा सांसद, विधायक और पूर्व नगर सेवक शिंदे के साथ गुट में शामिल हो गए हैं. इसलिए शिंदे उद्धव ठाकरे ज्यादा मजबूत नजर आ रहे है. बीएमसी चुनाव में शिंदे महायुति गठबंधन से लड़गे ऐसे में बीजेपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बीच ही मुख्य टक्कर होगी. एकनाथ शिंदे की शिवसेना भी चुनाव में अहम रोल निभा सकती है. शिंदे की शिवसेना बीएमसी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है.

बीएमसी में 2012 तक बीजेपी और ठाकरे की शिवसेना का गठबंधन रहा. वहीं 2017 में बीजेपी और शिवसेना ने अलग-अलग चुनाव लड़ा हालांकि चुनाव के बाद एक साथ आ गए. 2012 में मुंबई नगर निगम में बीजेपी के 21 नगर सेवक थे. लेकिन अलग-अलग चुनाव लड़ने के दौरान 2017 में जोरदार वापसी के साथ नगर सेवकों की संख्या बढ़कर 82 हो गई. नगर निगम में दो दशक से ज्यादा समय से सत्ता पर काबिज शिवसेना 84 सीटों पर अटकी हुई है.

एकनाथ शिंदे के साथ आने के बाद बीजेपी विधानसभा की तरह ही बीएमसी में भी उद्धव ठाकरे की शिवसेना की सीटों पर नजर बनाई हुई है. शिंदे की टीम का फोकस उन 84 सीटों रहेगा जहां 2017 में उद्धव ठाकरे को जीत मिली थी. इन सीटों को अगर शिंदे की शिवसेना ने अपने पाले में ले लिया तो बीएमसी में बीजेपी का कब्जा बड़ी आसानी से हो जाएगा. इस लिहाज से एकनाथ शिंदे का भूमिका बीएमसी चुनाव में महत्वपूर्ण हो सकती है.

# वरिष्ठ नागरिकों का भरपूर ख्याल रखने की जरूरत -आशुतोष डुंबरे

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबारे ने कहा है कि वरिष्ठ नागरिक समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. उनकी भी अलग-अलग समस्याएं हैं.पुलिस का कर्तव्य है कि वह उनकी समस्याओं को हल करने में उनका सहयोग करें. वे भादवड से भिवंडी पुलिस उपायुक्त परिमंडल द्वारा संपदा नाईक सभागार में आयोजित वरिष्ठ नागरिक संवाद बैठक एवं स्वास्थ्य जांच शिविर के अवसर पर बोल रहे थे. उक्त अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख, पुलिस उपायुक्त डॉ.मोहन दहिकर, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष जयंत सोनटक्के और बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे.




गौरतलब हो कि,पुलिस आयुक्त आशुतोष डूंबरे ने अपने संबोधन में कहा कि,वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को अलग तरीके से संभालने की जरूरत है.उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां खत्म नहीं हुई हैं.ऐसे समय में अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल की मांग करते हुए उनकी समस्याओं को अलग तरीके से संभालना होगा. घर पर नौकरी करने वाले व्यक्तियों का पुलिस द्वारा सत्यापन कराने की आवश्यकता है. वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करना पुलिस का कर्तव्य है. महाराष्ट्र पुलिस स्थापना दिवस का इस समय राइजिंग डे वीक चल रहा है. इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न धर्मार्थ गतिविधियां लागू की जा रही हैं.पुलिस उपायुक्त डॉ.मोहन दहिकर ने बताया कि, साइबर अपराध ऑनलाइन धोखाधड़ी में वृद्धि हुई है. पुलिस निरीक्षक अतुल अरदुलकर ने नकली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी. कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सहायक पुलिस आयुक्त दीपक देशमुख ने किया. सभी वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

# 2 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस स्टेशन हद में 2 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया है. टोरेंट पॉवर कंपनी सहा. व्यवस्थापक जितेन भगवानजी भाई बरय्या ने शिकायत दर्ज कराई है कि नागांव - 2 गैबीनगर रोड़ स्थित सलाम अपार्टमेंट निवासी शहाबुद्दीन हसन शेख और अली असगर अब्दुल रहमान अंसारी ने अपने



आर्थिक लाभ के लिए टॉरेंट पावर कंपनी के डीपी और मीटर बॉक्स से छेड़छाड़ कर अवैध रूप से बिजली जोड़कर 7,526 यूनिट बिजली का उपयोग किया. बिजली चोरी की कीमत 1 लाख 70 हजार है. शांतिनगर पुलिस ने दोनों बिजली चोरों के खिलाफ बिजली अधिनियम 2003 कलम 135 के तहत केस दर्ज कर लिया है.बिजली चोरी की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक घोलप कर रहे है.

# 'एक शाम गौमाता के नाम' भजन संध्या का आयोजन

**भिवंडी.** गायत्री परिवार ट्रस्ट कामतघर भिवंडी द्वारा संचालित श्रीराम कृष्ण गौशाला के आर्थिक सहयोग के लिए गायत्री परिवार व जय जय राजस्थान के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 'एक शाम गौमाता के नाम' विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है.उक्त मुद्दे को लेकर गायत्री प्रज्ञा पीठ, कामतघर में बैठक आयोजित की गई जिसमे होने वाले विशाल भजन संध्या को सफल बनाने की खातिर कार्य समितियो का गठन कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई.भिवंडी सच्चाई माता मन्दिर,चरणी पाडा राहनाल में 24



जनवरी 2025 को आगामी होने वाले विशाल भजन संध्या में राजस्थान के सिरोही जिले से सुप्रसिद्ध भजन गायिका नीता नायक एंड पार्टी अपनी मधुर आवाज से भजनों की प्रस्तुति देगी.

# टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा सीएम फडणवीस से मिले



**मुंबई.** टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों लोगों ने राज्य के आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए टाटा ट्रस्ट और सरकार के बीच सहयोग पर चर्चा की।

सीएम फडणवीस ने दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई बैठक के बारे में ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमने विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की, ये वो क्षेत्र हैं जहां टाटा ट्रस्ट और महाराष्ट्र सरकार, राज्य के विकास को गति देने के लिए सहयोग कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने टाटा ट्रस्ट और राज्य सरकार के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी को बढ़ावा देने पर विश्वास व्यक्त करने के लिए टाटा को धन्यवाद दिया। नोएल टाटा ने पिछले वर्ष टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्होंने 9 अक्टूबर, 2024 को रतन टाटा के निधन के बाद उनका स्थान लिया था। टाटा ट्रस्ट के पास नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्री सुभाष सीताराम तनावडे सभी को सूचित कर रहा हूं कि श्रीमती सुप्रिया सुभाष तनावडे का देहांत 13 अगस्त 2022 को हो गया है. उनके नाम पर वाहन MH05 CT 4114, MH05 BA 4114, MH05 CR 4114, MH05 BT 4114, जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है.

उपरोक्त वाहन पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा श्री सुभाष सीताराम तनावडे के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्री सुभाष सीताराम तनावडे**
ई/1-1501, रोजमैरी योगीधाम फेस 3,
कल्याण 421301.

# रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कालेज को द्वितीय पुरस्कार

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए 52वीं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन न्यू इंग्लिश हाईस्कूल, कलवा, ठाणे में किया गया.विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों एवं कनिष्ठ महाविद्यालयों के ताल्लुका स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कृत प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए.रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज के छात्रों फरहान मुहम्मद जुनैद और खान आसिफ अब्दुल कय्यूम द्वारा प्रदर्शित प्रोजेक्ट उच्चतर माध्यमिक वर्ग में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहा. पुरस्कृत प्रोजेक्ट को राज्यस्तरीय




52वीं जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया.दोनों छात्रों ने अंसारी सुमैया अनीस अहमद के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया था. इसके अलावा मोमिन मंतशा ने प्रयोगशाला सहायक श्रेणी में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया।छात्रों के इस शानदार उपलब्धि पर केएमई सोसायटी अध्यक्ष अलमाज फकीह, उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक मुख्यध्यापक मुखलिस मदू,सुपरवायजर्स असरार पठान, सिब्तैन काशेलकर, वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और समस्त स्टाफ की ओर से पुरस्कार विजेताओं और उनके मार्गदर्शक अध्यापकों सुमैया अनीस अहमद और मुकर्रम खान को बधाई दी है.

### आम सूचना

मैं श्रीमती शायरा नसीम शेख सभी को सूचित कर रही हूं कि दो रुम, सामने ब्लाक नं. 7, इंदिरा गांधी कालोनी, सी ब्लॉक रोड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एओ014964300) उक्त प्रॉपर्टी मिस मैमूना नसीम शेख और अन्य तीन जनों से रिलीज डीड दि. 26.12.2024 सी.नं. 359 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शायरा नसीम शेख**

### आम सूचना

मैं श्री उमेश हरी शंकर शर्मा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 37, सी, पंजाबी कालोनी, गुरुद्वारा के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 27बीओ004784200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती गुरनाम कौर कमलजीत सिंघ के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.12.2023 सी.नं. 402 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री उमेश हरी शंकर शर्मा**

# सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आकांक्षा डांगे का सम्मान



**आकांशा डांगे का सम्मान करते हुए दैनिक सम्राट के उपसंपादक रवींद्र धांडे.**

**उल्हासनगर.** अंबरनाथ निवासी हीरालाल डांगे की बेटी आकांक्षा डांगे को सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हर तरफ से बधाई मिल रही है। आकांक्षा डांगे, अंबरनाथ (पूर्व) के रिलायंस रेजीडेंसी के पालेगांव में रहती हैं और उनकी प्रारंभिक शिक्षा तक्षशिला विद्यालय, उल्हासनगर नंबर 4 में हुई।

उन्होंने बी.कॉम और एम.कॉम तक की शिक्षा उल्हासनगर 3 सीएचएम से पूरी की। उन्होंने नवंबर 2024 में सीए की परीक्षा दी थी। उस परीक्षा के परिणाम 26 दिसंबर 2024 को घोषित किए गए। उसने यह परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है। लगातार 14 से 15 घंटे पढ़ाई कर यह सफलता हासिल करने पर उन्हें हर तरफ से बधाई मिल रही है।

# भीम आर्मी महिला तालुका अध्यक्ष पद पर समाजसेविका रूणाली निरभवणे की नियुक्ति



**मुंबई.** प्रसिद्ध समाजसेविका रूणाली निरभवणे की नियुक्ति भीम आर्मी की विक्रोली तालुका अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) पर की गयी है। अपनी नियुक्ति के बाद प्रसार माध्यमों से बातचीत में रूणाली निरभवणे ने कहा कि भीम आर्मी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है। उस विश्वास को कायम रखते हुए मैं तालुका स्तर पर महिलाओं के उत्थान के लिए काम करूंगी । समाज के पिछडे वर्ग को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उनके लाभ कैसे मिल सकते हैं । इस पर मेरा प्रमुख ध्यान रहेगा। जल्द ही विक्रोली में जनसंपर्क कार्यालय शुरू कर जनता से सीधे संवाद साधा जाएगा।

### आम सूचना

मैं श्री मनू चेलाराम ठाकुर सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 305, 3रा माला, रोहन पैलेस, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 14बीआय017930600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मीनू मनू ठाकुर के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट 26.12.2024 सी.नं. 352 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मनू चेलाराम ठाकुर**


### आम सूचना

मैं श्री गुल रामचंद मंगलाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 15, 3रा माला, बिल्डिंग नं. ए, त्रिमूर्ति को.आप. हाउसिंग सोसायटी लि. प्लाट नं. 589 से 593, सेक्शन 7बी, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 11एआय004304000) उक्त प्रॉपर्टी श्री दौलत रामचंद मंगलाणी और अन्य पांच जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट 30.12.2024 सी.नं. 360 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री गुल रामचंद मंगलाणी**

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# सोनू सूद ने 4 साल से नहीं खाई रोटी



एक्टर सोनू सूद ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्होंने लगभग 4 साल से रोटी नहीं खाई है। सोनू ने यह भी बताया कि उन्होंने आज तक शराब नहीं पी है। एक बार तो सलमान खान ने उन्हें चालाकी से पिलाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने नहीं पी।

एक इंटरव्यू में सोनू सूद ने अपनी डाइट के बारे में बात करते हुए कहा- मैं शाकाहारी हूं। मेरी डाइट बहुत बोरिंग है। जब भी कोई मेरे घर आता है, तो कहता है कि मैं अस्पताल का खाना खाता हूं। मैं उनसे कहता हूं कि यह मेरी थाली है। आप लोगों को जो खाना है, खाइए। मेरे अलावा हर कोई नॉनवेज खाता है। सबके लिए अच्छा खाना बनता है। हमारे पास सबसे अच्छे कुक हैं।


उन्होंने आगे कहा- मैं बहुत सादा खाना खाता हूं। जो मिलता है, वो खा लेता हूं। ज्यादा नखरे नहीं दिखाता। पिछले 4 साल से मैंने रोटी नहीं खाई है। हालांकि मैं कभी-कभार मक्के की रोटी खाता हूं।

मैं नाश्ते में ऑमलेट, सलाद, एवोकाडो, भुनी हुई सब्जियां या पपीता खाता हूं। वहीं, दोपहर में मैं एक छोटी कटोरी दाल और चावल खाता हूं। लेकिन हां मैं हेल्दी डाइट लेता हूं।

### सलमान ने चालाकी से शराब पिलाने की कोशिश की

सोनू सूद ने यह भी बताया कि उन्होंने कभी शराब नहीं की। कई को-एक्टर्स ने मुझे शराब पिलाने की कोशिश की है। कई लोगों ने मेरे नॉर्मल ड्रिंक में शराब मिलाने की कोशिश की है। सलमान भाई को मुझे पिलाने का बड़ा शौक था। वो कहते थे- एक काम करो, इसके रेड बुल ड्रिंक में शराब मिला दो। फिर वो ग्लास मुझे थमा देते थे और देखते रहते थे कि मैं पी रहा हूं कि नहीं। लेकिन मैं चुपके से ग्लास को हटा देता था।

उल्हास वि NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
उल्हास वि NEWS GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985




www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099